# कार्यालय मुख्य अभियन्ता
# नगर निगम कानपुर

पत्रांक : डी/110 / मु0अभि0/25–26 दिनांकः 16/05/25

## निविदा शुद्धि पत्र

अभियन्त्रण खण्ड सिविल के अन्तर्गत दिनांक–21.05.2025 को आमंन्त्रित निविदायें 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत शासन से प्राप्त धनराशि से कराये जाने हैं, जिनको मानक एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत निम्न क्रम सं0–72 से 99 तक अंकित कार्यों में अतिरिक्त शर्तें अनुमन्य होगी :–

1. रूपये–40 लाख से अधिक लागत के प्रस्तावित परियोजनाओं में आर.सी.सी./सी.सी. नाला व सडक के निर्माण कार्यों में प्रतिभाग करने वाले ठेकेदारों पर आर.एम.सी. प्लाण्ट से ही आर.सी.सी. के कार्य करायेंगे।
2. आर.सी.सी. से सम्बन्धित निर्माण कार्यों में प्रतिभाग करने वाले निविदादाता को आर.एम.सी. प्लाण्ट धारक के स्वामित्व के प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. किराए/पट्टे पर ली गयी आर.एम.सी. (मशीनरी) के सम्बन्ध में प्लाण्ट धारक व किरायेदार के मध्य पंजीकृत शपथ पत्र (Registered Agreement) अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा।
4. आर0एम0सी0 प्लाण्ट नगर निगम मुख्यालय से 40 किमी0 के अन्दर स्थापित होना चाहिये।
5. व्हाइट टॉपिंग के कार्यों हेतु ठेकेदार के पास निम्न मशीनी उपकरण होने अनिवार्य होंगे

i- 1. Concrete Paver(Slip form/Fixed Form), 2. Concrete pavement Groove Cutting Machine 3. Back Hoe Loader (JCB) 4. Motor Grader 5. mechanical Broomer/Texturing machine (TCM) 6. Water Tanker 7. Air Compressor इनके स्वामित्व सम्बन्धित अभिलेख निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

6. क्रम सं0–01, 09, 10, 12, 34, 35, 44, 48, 49, 50, 51, 52, 53, 55, 57, 70 एवं 71 पर अंकित कार्यों में Morth/IRC द्वारा जारी गाइड लाइन में उल्लेखित नियमों के अनुसार ही प्लास्टिक वेस्ट से सडकों का निर्माण कार्य कराया जायेगा।
7. क्रम सं0–167 पर अंकित कार्य की निविदा सी0सी0 के अन्तर्गत आमंन्त्रित हो गयी है, जबकि कार्य इण्टरलॉकिंग द्वारा कराया जाना है। अतः कार्य को इण्टरलॉकिंग से होना पढा व समझा जाय।
8. क्रम सं0–158 व 160 पर अंकित कार्य की निविदा नॉन प्लाण्ट की श्रेणी में आमंन्त्रित हो गयी है, जबकि कार्य हॉट मिक्स प्लाण्ट की श्रेणी हैं, अतः कार्य को हॉट मिक्स प्लाण्ट की श्रेणी में पढा व समझा जाय।
9. क्रम सं0–75, 91 व 92 पर अंकित कार्य व्हाइट टॉपिंग/आर0एम0सी0 प्लाण्ट की श्रेणी में अंकित उसको सी0सी0 के अन्तर्गत पढा व समझा जाय।
10. क्रम सं0–05 पर अंकित कार्य हॉट मिक्स की श्रेणी के अन्तर्गत अंकित हो गया है, जबकि कार्य नॉन प्लाण्ट की श्रेणी का है, अतः इस कार्य को नॉन प्लाण्ट की श्रेणी में पढा व समझा जाय।
11. धनांक रू–40.00 लाख से कम के कार्यों में आर0एम0सी0 प्लाण्ट/व्हाइट टॉपिंग की शर्त अर्ह नहीं होगी।
12. उक्त के अतिरिक्त निविदाओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के दृष्टिगत निविदा तिथि में दिनांक–31.05.2025 को अपरान्ह 03 बजे तक की वृद्धि की जाती है।

शेष निविदायें/नियम व शर्तें यथावत् रहेंगी।

16/05/25

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, कानपुर

प्रतिलिपि–

1. नगर आयुक्त महोदय को सूचनार्थ।
2. समस्त अधिशाषी अभियन्ताओं को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. नोटिस बोर्ड में चस्पा करने हेतु।
4. वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, कानपुर